CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

□ वर्ष- 29 □ अंक- 145 □ रायपुर, गुरुवार 18 जून 2026 □ पृष्ठ-8 □ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## ब्रेकिंग न्यूज

### ओपी राजभर की पोस्ट ने सपा में मचाई खलबली, लिखा- टूट होकर रहेगी; बागी बलिया का लाल करेगा नेतृत्व

**नई दिल्ली, 18 जून (न्यूज चैनल)।** यूपी में समाजवादी पार्टी क्या टूटने जा रही है? बीते कुछ समय से भाजपा और उसके सहयोगी दलों के नेता लगातार सपा में टूट की बात कह रहे हैं। इसी बीच सुभासपा अध्यक्ष और प्रदेश सरकार में मंत्री ओपी राजभर ने एक्स पर पोस्ट करके सरगर्मी और बढ़ा दी है। उन्होंने लिखा कि, कल से सब पूछ रहे हो कि सपा में क्या टूट होने वाली है? तो सुनो! सपा के बागी सांसदों के गुट का नेतृत्व उत्तर प्रदेश की बागी भूमि का एक लाल करेगा। और करे भी क्यों न? इतना ही नहीं उन्होंने आगे लिखा कि, कल जिस तरह से सपा कार्यालय में सम्मेलन के नाम पर ब्राह्मणों को तिरस्कृत किया गया, उससे बागी बलिया का लाल बहुत आहत है। योजना पहले से थी, लेकिन कल की घटना ने आग में घी डालने का काम कर दिया।




चूहा- सुनती हो, उद्धव ठाकरे की सेना में फिर दरार आ गई है।

चुहिया- हां जी, उनका तो मिजाज ही महाराजा जैसा है..!

## शिवसेना यूबीटी में दरार

# उद्धव ठाकरे से बगावत, संसदीय दल की बैठक से 6 सांसद नदारद

### सात दिनों में मांगा गया जवाब



**नई दिल्ली, 18 जून (न्यूज चैनल)।** बैठक में तीन लोकसभा सांसद- अरविंद सावंत, राजभाऊ वाजे और अनिल देसाई शामिल हुए। संजय राउत खुद राज्यसभा सदस्य के तौर पर इस बैठक में मौजूद थे। राउत ने साफ तौर पर कहा कि जो सांसद इस बैठक में नहीं आए, उन्होंने पार्टी व्हिप का उल्लंघन किया है। पार्टी ने अब इन सांसदों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी करके जवाब मांगा जाएगा। उन्होंने कहा पार्टी उनकी सदस्यता रद्द करने पर भी विचार करेंगी। संजय राउत ने बागी रुख अपनाने वाले सांसदों पर निशाना साधते हुए कहा कि कल जब वे स्पीकर से मिले थे, तो उसकी तस्वीर सार्वजनिक हुई थी। उन्होंने चुनौती दी कि अगर अन्य 6 सांसद भी स्पीकर से मिले हैं, तो उनकी तस्वीर दिखाई जाए। राउत ने इसे रणनीति नहीं विश्वासघात करार दिया। उन्होंने आगे कहा कि ये सांसद अभी भी पार्टी के सदस्य हैं और पार्टी के चुनाव चिन्ह पर ही चुनाव जीते हैं। अगर वे पार्टी व्हिप का उल्लंघन करते हैं, तो उन्हें कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। राउत ने भाजपा पर भी हमला बोला। उन्होंने कहा कि भाजपा ने देश और खासकर महाराष्ट्र की राजनीति को गंदा कर दिया है, जिसकी कीमत उन्हें चुकानी पड़ेगी।

महाराष्ट्र में राजनीतिक पाला बदलने की इस कवायद को ऑपरेशन टाइगर भी कहा जा रहा है। राज्य के नेता इस मामले में अपनी-अपनी राय भी जाहिर कर रहे हैं। धुले में शिवसेना के विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) चंद्रकांत रघुवंशी ने कहा, महाराष्ट्र में ऑपरेशन टाइगर हो चुका है। आज छह सांसदों ने एकनाथ शिंदे पर भरोसा जताया है और शिवसेना में शामिल हो गए हैं... यह अच्छी बात है कि वे हमारे साथ जुड़ गए हैं। मैं उनका स्वागत करता हूं।

शिवसेना के स्थापना काल के बाद पार्टी में पहली बार 1991 में छगन भुजबल ने 17 विधायकों के साथ पार्टी छोड़ी थी। भुजबल ने बालासाहेब ठाकरे की कार्यशैली और पार्टी में अपनी उपेक्षा का आरोप लगाते हुए बगावत की थी। तब भुजबल ने कांग्रेस का दामन थामा था जो शिवसेना के इतिहास का पहला बड़ा राजनीतिक विद्रोह था। लेकिन, 2003 में उद्धव ठाकरे के शिवसेना के कार्यकारी अध्यक्ष बनने के बाद पार्टी चार बार टूटी। 2005 में पूर्व मुख्यमंत्री नारायण राणे ने उद्धव को पार्टी का उत्तराधिकारी बनाने का विरोध किया और पार्टी छोड़कर कांग्रेस में शामिल हो गए थे। दूसरा विद्रोह 2006 में हुआ था जब चचेरे भाई राज ठाकरे ने अलग होकर महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) की स्थापना की थी। असली झटका जून 2022 में लगा, जब एकनाथ शिंदे ने 40 विधायकों के साथ बगावत की थी। इस विद्रोह से उद्धव का सीएम पद, पार्टी का नाम और चुनाव निशान भी छिन गया। इस टूट के बाद ही उद्धव की शिवसेना (यूबीटी) लोकसभा चुनाव में 9 और विधानसभा चुनाव में 20 सीटों तक ही सिमट कर रह गई।

**बीएमसी में भी टूटा वर्चस्व:** बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) पर 30 साल का वर्चस्व भी इस साल जनवरी में हुए चुनाव में टूट गया। अभी एकनाथ शिंदे की बगावत के 4 साल भी पूरे नहीं हुए कि शिवसेना (यूबीटी) के 9 में से 6 सांसद उद्धव से अलग होकर नया गुट बना लिया है।

# भूपेश बघेल चैट विवाद: फर्जी स्क्रीनशॉट फैलाने पर 2 यूट्यूबर पर एफआईआर

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया थाने का घेराव



**भिलाई, 18 जून (हाईवे चैनल)।** महादेव सट्टा ऐप से जुड़े भूपेश बघेल के नाम पर वायरल फर्जी इंस्टाग्राम चैट मामले में पुलिस ने दो यूट्यूबर्स पर केस दर्ज कर लिया है। बुधवार को बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता भिलाई-3 थाने पहुंचे और सख्त कार्रवाई की मांग की।

दरअसल सोशल मीडिया पर एक स्क्रीनशॉट वायरल हुआ। दावा था कि महादेव बेटिंग ऐप संचालक सौरभ चंद्राकर के कथित इंस्टा अकाउंट और भूपेश बघेल के नाम वाले यूजर नेम के बीच बात हुई है। चैट में लिखा था — नंबर भेजो अपना, बात करना चाहते हैं। इसे आधार बनाकर कुछ यूट्यूब चैनलों ने खबरें चला दीं। पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने इसे पूरी तरह फर्जी बताया। अपने ऑफिशियल सोशल मीडिया पर लिखा कि सुबह से फोटोशॉप की गई फर्जी तस्वीरों से भ्रम फैलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उस यूजरनेम से उनकी कोई बातचीत नहीं हुई। बघेल ने कहा कि यह लोगों को गुमराह करने की कोशिश है। फर्जी सामग्री फैलाने वालों की जानकारी उनकी टीम के पास है। लीगल टीम कानूनी कार्रवाई करेगी। फिलहाल पुलिस वायरल चैट, संबंधित यूट्यूब चैनलों और पोस्ट करने वालों की भूमिका खंगाल रही है। कांग्रेस नेताओं की शिकायत के आधार पर यूट्यूबर सागर साहू और पुष्पराज सिंह के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 353(2) के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। मामले से प्रदेश की सियासत गरमा गई है।

## एकदिवसीय रायपुर दौरे पर पहुंचे लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला



**रायपुर, 18 जून (हाईवे चैनल)।** लोकसभा अध्यक्ष अध्यक्ष ओम बिरला आज एकदिवसीय छत्तीसगढ़ दौरे पर रायपुर पहुंचे। रायपुर एयरपोर्ट पहुंचने पर केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, सांसद बृजमोहन अग्रवाल और मंत्री केदार कश्यप ने उनका स्वागत किया। एयरपोर्ट से निकलने के बाद ओम बिरला सीधे लोकभवन के लिए रवाना हो गए। वे निर्धारित विभिन्न कार्यक्रम में शामिल होंगे।

### चंबा में बोलेरो गाड़ी खाई में गिरी

# मुंडन संस्कार से लौट रहे सात लोगों की दर्दनाक मौत



**नई दिल्ली, 18 जून (न्यूज चैनल)।** हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले में वीरवार को चंबा-मसरूंड मार्ग पर छतरूंड के समीप एक बोलेरो अनियंत्रित होकर करीब 500 मीटर गहरी खाई में जा गिरी, जिसमें सवार सभी सात लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। इस दर्दनाक हादसे ने क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ा दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बोलेरो (एचपी-01सी-2581) में ग्राम महल पंचायत के सपरोठ गांव के छह लोग, जिनमें तीन महिलाएं और तीन पुरुष शामिल थे और वाहन का चालक सवार था। ये सभी लोग काकड़ोथा गांव में आयोजित एक मुंडन संस्कार में शामिल होकर अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान छतरूंड के पास अनियंत्रित होकर वाहन सड़क से लुढ़क गया और खाई में समा गया। खाई की गहराई लगभग 500 मीटर बताई जा रही है।

हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन, पुलिस और ग्रामीण तत्काल मौके पर पहुंचे। तुरंत राहत एवं बचाव अभियान शुरू किया गया। गहरी खाई से सभी सात शवों को बड़ी मुश्किल से बाहर निकाला गया। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, ताकि मौत के कारणों की पुष्टि हो सके। प्रशासन ने इस भीषण हादसे की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक तौर पर दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के प्रयास किए जा रहे हैं। सड़कों की स्थिति, वाहन की गति, या किसी अन्य यांत्रिक खराबी जैसे संभावित कारणों की जांच की जा रही है।

### मृतकों की पहचान

*चुनी लाल (65) पुत्र परस राम, देवी लाल (62) पुत्र परस राम, मोती राम (50) पुत्र राम, बबली देवी (45) पत्नी मोती राम, कुंता देवी (53) पत्नी कर्म सिंह, अनीता कुमारी (20) पुत्री धर्म सिंह, मनोहर लाल (34) पुत्र धरो, चालक।*

# 26 साल के राष्ट्रीय स्तर के प्रसिद्ध बॉडीबिल्डर सुशील कुमार की अचानक मौत



**नई दिल्ली, 18 जून (न्यूज चैनल)।** कर्नाटक के दावणगेरे शहर से एक बेहद दर्दनाक और स्तब्ध कर देने वाली खबर सामने आई है। यहां के केटीजे नगर में रहने वाले 26 साल के राष्ट्रीय स्तर के प्रसिद्ध बॉडीबिल्डर सुशील कुमार की दिल का दौरा पड़ने से अचानक मौत हो गई। अपनी कड़ी मेहनत की बदौलत राज्य और देशभर में सैकड़ों पुरस्कार जीतकर दावणगेरे का नाम रोशन करने वाले इस होनहार और फिट खिलाड़ी की मौत ने खेल जगत को गहरे सदमे में डाल दिया है। सबसे ज्यादा भावुक करने वाली बात यह है कि इस युवा बेटे की अचानक मौत के गवाह उसके बेबस माता-पिता खुद बने।

पारिवारिक सूत्रों और करीबियों से मिली जानकारी के मुताबिक सुशील कुमार की दिनचर्या हमेशा की तरह सामान्य और अनुशासित थी। सुशील कुमार ने बुधवार की सुबह हमेशा की तरह जिम में अपना कड़ा और भारी वर्कआउट पूरा किया था।


# कोरिया कटगोड़ी हत्याकांड: भाजपा नेता लल्ला सिंह की हत्या के बाद जिला प्रशासन ने इलाके में लगाई धारा 163




**कोरिया, 18 जून (हाईवे चैनल)।** कोरिया जिले के सोनहत तहसील अंतर्गत ग्राम कटगोड़ी में पुरानी रंजिश पर भाजपा नेता भरत सिंह गहरवार उर्फ लल्ला सिंह की गाड़ी को आरोपियों ने आग लगा दी थी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई थी. घटना के बाद शांतिभंग होने की आशंका को देखते हुए जिला प्रशासन ने महलपारा बैकुन्ठपुर, नौगई के साथ भरत सिंह के कटगोड़ी स्थित क्रेशर प्लांट एरिया में धारा 163 लागू कर दिया है।

कलेक्टर रोक्तिमा यादव द्वारा जारी आदेश के साथ ही चिन्हांकित क्षेत्र महलपारा बैकुन्ठपुर, नौगई के साथ भरत सिंह के कटगोड़ी स्थित केशर प्लांट एरिया के 300 मीटर तक किसी भी प्रकार का घातक अस्त्र-शस्त्र एवं अन्य प्रकार के घातक हथियार तथा विस्फोटक सामग्री लेकर जुलूस, धरना-प्रदर्शन और आमसभा करने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है. इसके साथ ही क्षेत्र में न ही आपत्तिजक नारे लगाए जाएंगे और न ही आपत्तिजनक पोस्टर वितरित किए जाएंगे। बता दें कि मंगलवार दोपहर को हुए विवाद के बाद रात में करीबन 10.30 बजे लल्ला सिंह उर्फ भरत कुमार सिंह अपने साथी योगेन्द्र सिंह, विरेन्द्र सिंह, मयंक सिंह एवं नागेन्द्र सिंह के साथ ग्राम कटगोड़ी में मनोज त्रिपाठी के घर के सामने गए, जहां पुराने विवाद पर मनोज त्रिपाठी, निशांत त्रिपाठी एवं अन्य ने भरत सिंह के फार्च्यूनर पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी थी, जिससे भरत सिंह की मौके पर मौत हो गई थी, वहीं उनके साथी नागेन्द्र सिंह व विरेन्द्र सिंह की ईलाज के दौरान दम तोड़ दिया था।

# पश्चिम एशिया संघर्ष खत्म, ट्रंप और पेजेशकियन की तस्वीरों ने लगाई मुहर; समझौते पर किए हस्ताक्षर



**नई दिल्ली, 18 जून (न्यूज चैनल)।** पश्चिम एशिया में 111 दिन से जारी तनाव खत्म होने के ठोस संकेत मिले हैं। जी7 देशों के सम्मेलन के लिए फ्रांस दौरे पर गए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फ्रांसिसी समकक्ष मैक्रों की मौजूदगी में वर्साय में जंग खत्म करने के समझौते पर हस्ताक्षर किए। ईरान की तरफ से राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने हस्ताक्षर किए। हालांकि, पेजेशकियन तेहरान में ही मौजूद रहे और इस प्रक्रिया को डिजिटल तरीके से पूरा किया गया। जिस समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं, इसमें 14 बिंदु शामिल हैं। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इस कदम का स्वागत करते हुए इसे स्थायी शांति की दिशा में एक बड़ा और जरूरी कदम बताया है। इस समझौते के तहत होर्मुज जलडमरूमध्य को व्यापारिक जहाजों के लिए फिर से खोला जाएगा। इससे दुनिया भर में तेल और ऊर्जा की कीमतों में कमी आने और वैश्विक बाजार को राहत मिलने की पूरी उम्मीद है।

इसको लेकर, व्हाइट हाउस ने एक वीडियो भी जारी किया है। इसमें ट्रंप को मैक्रों के साथ बैठकर दस्तावेज पर हस्ताक्षर करते देखा जा सकता है। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, ट्रंप और ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने इस 14-सूत्रीय समझौते पर हस्ताक्षर किए। पेजेशकियन ने वर्चुअली यानी ऑनलाइन माध्यम से अपने हस्ताक्षर किए। इस समझौते का मुख्य उद्देश्य दोनों देशों के बीच दुश्मनी को खत्म करना है। यह समझौता तुरंत प्रभाव से लागू हो गया है। ओमान और कुछ अन्य देशों ने इस बातचीत में मदद की है। ईरान के विदेश मंत्रालय ने भी इस समझौते के पूरा होने की पुष्टि की है।

समझौते की मुख्य बातें- इस 14-सूत्रीय समझौते में कई बड़े फैसले लिए गए हैं। सबसे पहले, दोनों देश लेबनान सहित सभी सैन्य अभियानों को तुरंत रोक देंगे। अगले 60 दिनों के भीतर एक अंतिम और पूर्ण समझौता करने की प्रक्रिया शुरू होगी। अमेरिका अपनी नौसेना की नाकेबंदी हटा लेगा। इससे व्यापारिक जहाजों को होर्मुज जलडमरूमध्य से सुरक्षित निकलने का रास्ता मिलेगा। समझौते में आर्थिक मोर्चे पर ईरान को बड़ी राहत दी गई है। उस पर लगी पाबंदियों को धीरे-धीरे हटाया जाएगा। ईरान के जो पैसे विदेशों में रुके हुए थे, उन्हें वापस किया जाएगा। इसके अलावा, अमेरिका ईरान के आर्थिक विकास के लिए कम से कम 300 अरब डॉलर के कार्यक्रम में सहयोग करेगा।

# केमिकल युक्त रंगों व चासनीयुक्त कुल्फी व आईसक्रीम से सेहत पर मंडरा रहा खतरा

### गर्मी के मौसम में ठंडे खाद्य्य व पेय पदार्थों में हो रहा घातक रासायनिक व सिंथेटिक कलर का उपयोग

#### पेट की बीमारियां लीवर, किडनी, एलर्जी, अस्थमा, मोटापा, डायबिटीज, कैंसर आदि बीमारियों का रहता है खतरा

**धमतरी 18 जून (हाईवे चैनल)।** इस बार गर्मी के मौसम में जमकर गर्मी का अहसास हो रहा है पारा इतना चढ़ा कि कई सालों की गर्मी का रिकार्ड टूट गया। गर्मी से बेहाल लोगों द्वारा राहत हेतु हर प्रकार के जतन किये गये जिनमें ठंडे खाद्य्य व पेय पदार्थ भी शामिल रहा। लेकिन अंजाने में रोजाना सेवन करने वाले घातक केमिकल युक्त रंग व चासनी से लोगो की सेहत पर खतरा मंडारने लगा है।

गर्मी के मौसम में बाजार में कई आईसक्रीम व बर्फ के गोले, कुल्फी बेचने ठेले घूमते रहते है। लोग बड़े ही चाव से इनका सेवन कर रहे है। विशेषकर छोटे बच्चों में इसका अलग ही क्रेज व डिमांड रहता है। वे दिन में कई बार गोले, कुल्फी पेस्पी स्टिक व आईसक्रीम का सेवन करते है, लेकिन ज्यादातर केमिकल युक्त होते है जो कि सेहत के लिए नुकसानदेय साबित हो सकता है। इसके लगातार सेवन से पेट की बीमारियां, लीवर, किडनी, एलर्जी, अस्थमा, मोटापा, डायबिटीज, कैंसर आदि घातक बीमारियों का खतरा रहता है। महीनों तक लागातार केमिकल रंगो का सेवन खतरों को काफी बढ़ा रही है।

**जानकारी व सावधानी है बचाव:** ऐसे रसायनिक रंगो व केमिकल से पके फलो से बचने के लिए सावधानी ही कारगर उपाये है। जानकारो के अनुसार बहुत चमकदार या असामान्य रूप से एक जैसे रंग वाले फलों से सावधान रहें। फलों को खाने से पहले अच्छी तरह साफ पानी से धोएं। संभव हो तो फलों को कुछ समय के लिए पानी में भिगोकर रखें। प्राकृतिक रूप से पके हुए और मौसमी फल खरीदें। कटे हुए या अत्यधिक रंगीन खाद्य पदार्थों से बचें। विश्वसनीय दुकानों से ही फल एवं खाद्य सामग्री खरीदें। विशेषज्ञों का मानना है कि थोड़ी सी सावधानी अपनाकर केमिकल युक्त फलों और कृत्रिम रंगों से होने वाले स्वास्थ्य जोखिमों को काफी हद तक कम किया जा सकता है।





**केमिकल से पके फलों से भी सेहत को है नुकसान:** बाजार में फलों की बढ़ती मांग के बीच कई जगहों पर फलों को जल्दी पकाने के लिए रासायनिक पदार्थों (केमिकल) का उपयोग किए जाने की आशंका बनी रहती है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार कैल्शियम कार्बाइड जैसे हानिकारक रसायनों से पकाए गए फल स्वास्थ्य के लिए नुकसानदायक हो सकते हैं। विशेषज्ञ बताते हैं कि ऐसे फलों के सेवन से पेट दर्द, उल्टी, दस्त, सिरदर्द, चक्कर आना तथा लंबे समय में गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। बच्चों, बुजुर्गों और गर्भवती महिलाओं को विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। जानकारों के अनुसार प्राकृतिक रूप से पके फलों में स्वाद, सुगंध और पोषक तत्व बेहतर होते हैं, जबकि केमिकल से पकाए गए फलों का रंग अधिक चमकदार और एकसमान दिखाई देता है। उपभोक्ताओं को फल खरीदते समय उनकी गुणवत्ता पर ध्यान देने तथा अच्छी तरह धोकर ही सेवन करने की सलाह दी गई है।

CMYK